**SET-4**

**Series ЄABAЄ/C**

प्रश्न-पत्र कोड
Q.P. Code **98**

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी प्रश्न-पत्र कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Q.P. Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **11** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए प्रश्न-पत्र कोड को परीक्षार्थी उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **15** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, उत्तर-पुस्तिका में प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जाएगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **11** printed pages.
- Q.P. Code given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **15** questions.
- **Please write down the serial number of the question in the answer-book before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

# उद्यमिता (सैद्धान्तिक)

# ENTREPRENEURSHIP (Theory)

*निर्धारित समय : 2 घण्टे* | *अधिकतम अंक : 35*

*Time allowed : 2 hours* | *Maximum Marks : 35*



collegedunia India's largest Student Review Platform

**सामान्य निर्देश :**

*निम्नलिखित निर्देशों को ध्यान से पढ़िए और उनका सख़्ती से पालन कीजिए ।*

*(i)* *इस प्रश्न-पत्र में कुल* ***15*** *प्रश्न हैं । प्रत्येक प्रश्न के सामने प्रश्न के अंक दिए गए हैं ।*

*(ii)* ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

*(iii)* *यह प्रश्न-पत्र* ***तीन*** *खण्डों में विभाजित किया गया है –* ***खण्ड क, ख*** *तथा* ***ग*** *।*

*(iv)* *विद्यार्थियों के लिए खण्डवार समग्र विकल्प प्रदान किया गया है ।*

*(v)* ***खण्ड क*** *: प्रश्न संख्या* ***1*** *से* ***6*** *(**6** प्रश्न) हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***2*** *अंक का है । इन* ***6*** *प्रश्नों में से किन्हीं* ***4*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(vi)* ***खण्ड ख*** *: प्रश्न संख्या* ***7*** *से* ***11*** *(**5** प्रश्न) हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***3*** *अंक का है । इन* ***5*** *प्रश्नों में से किन्हीं* ***4*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

*(vii)* ***खण्ड ग*** *: प्रश्न संख्या* ***12*** *से* ***15*** *(**4** प्रश्न) हैं, प्रत्येक प्रश्न* ***5*** *अंक का है । इन* ***4*** *प्रश्नों में से किन्हीं* ***3*** *प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।*

collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**खण्ड क**

*इस खण्ड में* ***6*** *प्रश्नों में से किन्हीं* ***4*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**1.** 'गिज़्मो गैजेट्स' ने कोविड-19 महामारी के समय विभिन्न प्रकार की 'एंड्रॉइड टेबलेट्स' तथा 'पैन टेबलेट्स' का विक्रय किया क्योंकि स्कूलों तथा कार्यालयों ने ऑन-लाइन कार्य किया ।

वर्ष 2021 – 2022 के लिए 'एंड्रॉइड टेबलेट्स' की मासिक माँग 150 इकाइयाँ है । प्रत्येक टेबलेट का क्रय मूल्य ₹ 3,600 है । वार्षिक धारण लागत क्रय लागत का 10% है । आदेश लागत ₹ 1000 प्रति आदेश है ।

'गिज़्मो गैजेट्स' की आर्थिक आदेश मात्रा की गणना कीजिए । *2*

**2.** व्यवसायिक देवदूत (एंजेल्स) कौन हैं ? स्टार्ट-अप को सहायता देने के उनके उद्देश्यों का उल्लेख कीजिए । *2*

**3.** विक्रय प्रवर्तन पहल को "लाइन-से-नीचे" प्रवर्तन रणनीति के रूप में क्यों निर्दिष्ट किया जाता है ? कोई दो कारण देते हुए उल्लेख कीजिए । *2*

**4.** एक फ्रैन्चाइज़ में फ्रैन्चाइज़र के द्वारा प्रभावी प्रचालन नियंत्रण कैसे रखा जाता है ? कोई दो बिन्दु देते हुए उल्लेख कीजिए । *2*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

***General Instructions :***

*Please read the following instructions carefully and strictly follow them.*

*(i)* *This question paper contains **15** questions. Marks have been indicated against each question.*

*(ii)* ***All** questions are compulsory.*

*(iii)* *This question paper is divided into **three** sections – **Section A, B** and **C**.*

*(iv)* *Section-wise overall choice is given to the students.*

*(v)* ***Section A** : Questions number **1** to **6** (**6** questions) carry **2** marks each. Attempt any **4** questions out of **6** questions.*

*(vi)* ***Section B** : Questions number **7** to **11** (**5** questions) carry **3** marks each. Attempt any **4** questions out of **5** questions.*

*(vii)* ***Section C** : Questions number **12** to **15** (**4** questions) carry **5** marks each. Attempt any **3** questions out of **4** questions.*

## SECTION A

*Attempt any **4** questions out of **6** questions from this section.*

**1.** 'Gizmo Gadgets' sold a variety of 'Android Tablets' and 'Pen Tablets' during the COVID-19 pandemic as the schools and offices operated online.

Monthly demand for 'Android Tablets' for the year 2021 – 2022 is 150 units. Purchase cost of each tablet is ₹ 3,600. Holding cost per annum is 10% of the purchase cost. Ordering cost is ₹ 1,000 per order.

Calculate the Economic Order Quantity for 'Gizmo Gadgets'. *2*

**2.** Who are Business Angels ? State their objectives in giving assistance to start-ups. *2*

**3.** Why is Sales Promotion initiative referred to as "below the line" promotion strategy ? State by giving any two reasons. *2*

**4.** How is effective operational control maintained by a franchisor in a franchise ? State by giving any two points. *2*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

**5.** वितरण के सबसे सामान्य तथा पारंपरिक माध्यम का नाम दीजिए । यह किस प्रकार के उत्पादों तथा उत्पादकों के लिए सबसे अधिक उपयुक्त है ? उल्लेख कीजिए । *2*

**6.** 'आइसबर्ग फूड्स लिमिटेड' के पास बोतलबंद सुगंधित दूध उत्पादन का एक प्लांट है । वनीला से लेकर केसर पिस्ता तक यह विभिन्न प्रकार के सुगंधित दूध का उत्पादन करते हैं । ताजा दूध की नियमित आपूर्ति के लिए कम्पनी के स्वयं के डेयरी फार्म हैं । बोतलों पर चिपकाए जाने वाले लेबलों की आपूर्ति 'सी 2 एक्स ग्राफिक्स' द्वारा की जाती है । काँच की बोतलों की आपूर्ति 'भारत ग्लास वर्क्स' द्वारा की जाती है । बोतलों के लिए ढक्कन तथा क्रेट की आपूर्ति 'पुणे प्लास्टिक्स' द्वारा की जाती है । 'भारत ग्लास वर्क्स' तथा 'पुणे प्लास्टिक्स' के कुल व्यवसाय का 70% 'आइसबर्ग फूड्स' के साथ है ।

एक बेहतर आपूर्ति शृंखला बनाने के लिए 'आइसबर्ग फूड्स' ने अपने प्रचालनों का विलय 'भारत ग्लास वर्क्स' तथा 'पुणे प्लास्टिक्स' के साथ कर दिया ।

(क) तीन कम्पनियों के मध्य हुए विलय के प्रकार की पहचान कीजिए तथा समझाइए ।

(ख) इस विलय द्वारा सृजित सहक्रिया के प्रकार की भी पहचान कीजिए । *2*

**खण्ड ख**

*इस खण्ड में **5** प्रश्नों में से किन्हीं **4** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**7.** 'बौद्धिक संपदा अधिकारों' (IPR) का क्या अर्थ है ? नीचे दी गई परिस्थितियों में चर्चित बौद्धिक संपदा अधिकारों की पहचान कीजिए तथा समझाइए ।

(क) रजत ने उद्योग के लिए तकनीकी उपयोगिता वाले एक कम्प्यूटर सॉफ्टवेयर का विकास किया । इस आविष्कार की सार्वजनिक घोषणा के बदले रजत को बहुत से अधिकार प्राप्त हुए हैं ।

(ख) 'बियॉन्ड हेल्थ लिमिटेड' के केमिस्ट सुबीर ने एक बेजोड़ सल्फेट फ्री साबुन बेस का विकास किया जिसका उपयोग शेम्पू, फेस वॉश, बॉडी वॉश, जैल, आदि बनाने के लिए किया जा सकता है । सुबीर ने इसे बनाने का सूत्र गोपनीय रखा है तथा यह उद्यम को एक प्रतियोगी लाभ देगा । *3*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**5.** Name the most common and traditional channel of distribution. Mention the types of products and producers it is best suited for. *2*

**6.** 'Iceberg Foods Ltd.' has a bottling plant of producing flavoured milk. It produces different varieties of flavoured milk ranging from Vanilla to Kesar Pista. The company has its own dairy farms for regular supply of fresh milk. The labels that are affixed on the bottles are supplied by 'C2X Graphics'. Glass bottles are supplied by 'Bharat Glass Works'. Caps for the bottles and crates are supplied by 'Pune Plastics'. 70% of the total business of 'Bharat Glass Works' and 'Pune Plastics' is with 'Iceberg Foods'.

To create a better supply chain, 'Iceberg Foods' mergeds its operations with 'Bharat Glass Works' and 'Pune Plastics'.

(a) Identify and explain the type of merger that took place between the three companies.

(b) Also, identify the type of synergy that would be created by this merger. *2*

## SECTION B

*Attempt any **4** questions out of **5** questions from this section.*

**7.** What is meant by 'Intellectual Property Rights' (IPR) ?

Identify and explain the IPR that have been discussed in situations given below :

(a) Rajat developed a computer software which has technical application to industry. It has granted many rights to Rajat in exchange of the public disclosure of the invention.

(b) Subir, a chemist at 'Beyond Health Ltd.', developed a unique sulphate free soap base that can be used for making shampoos, face wash, body wash, gel, etc. Its formula has been kept confidential by Subir and this will give the enterprise a competitive edge. *3*



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**8.** ए.बी.सी. इंटरनेशनल की दो सहायक कम्पनियाँ हैं जो भिन्न-भिन्न उत्पाद लाइन में प्रचालन करती हैं । कम्पनी का प्रबंधन यह जानने के लिए इच्छुक है कि व्यवसाय में निवेश किए गए कुल कोष की तुलना में दोनों में से कौन-सी सहायक कम्पनी ज़्यादा अच्छा कर रही है । दोनों सहायक कम्पनियों के लिए निम्न सूचना प्रदान की गई थी :

सहायक कम्पनी 1 : टी.सी.एल. लिमिटेड :

वर्ष 2020 – 21 के लिए कर पश्चात शुद्ध लाभ ₹ 1,00,000 था । व्यवसाय में अंशधारक समता के रूप में इसका निवेश ₹ 5,00,000 था ।

सहायक कम्पनी 2 : जे.पी.सी. लिमिटेड :

वर्ष 2020 – 21 का ब्याज तथा कर पश्चात शुद्ध लाभ ₹ 1,00,000 था । व्यवसाय में इसका निवेश था : अंशधारक समता ₹ 4,00,000 तथा 8% ऋणपत्र ₹ 2,00,000 ।

'निवेश पर प्रत्याय' (ROI) की गणना करके उस सहायक कम्पनी की पहचान कीजिए जो ज़्यादा अच्छा कर रही है । *3*

**9.** 'एक व्यवसायिक उद्यम के अस्तित्व के लिए विकास हमेशा आवश्यक होता है ।' दिए गए कथन के संदर्भ में, एक संगठन के विस्तार के किन्हीं तीन आन्तरिक संकेतों को समझाइए । *3*

**10.** (क) एक व्यापारिक उद्यम की तुलना में एक उत्पादक उद्यम का प्रचालन चक्र छोटा क्यों होता है ? उल्लेख कीजिए । यह भी उल्लेख कीजिए कि प्रचालन चक्र की लम्बाई एक व्यवसाय की कार्यशील पूँजी की आवश्यकता पर कैसे प्रभाव डालती है ।

(ख) दी गई सूचना से XYZ लिमिटेड की शुद्ध कार्यशील पूँजी की गणना कीजिए : *3*

| | ₹ |
|---|---|
| स्टॉक | 1,00,000 |
| देनदार | 1,50,000 |
| लघुकालीन निवेश | 60,000 |
| व्यापारिक लेनदार | 50,000 |
| अदत्त व्यय | 10,000 |



collegedunia
India's largest Student Review Platform

**8.** ABC International has two subsidiaries operating in different product lines. The management desires to know which of the two subsidiaries is doing better in comparison to the total funds that have been invested in the business. The following information was provided about both the subsidiaries :

Subsidiary 1 : TCL Ltd.

Net Profit after tax for the year 2020 – 21 was ₹ 1,00,000. Its investment in business in the form of shareholders' equity was worth ₹ 5,00,000.

Subsidiary 2 : JPC Ltd.

Net Profit after interest and tax was ₹ 1,00,000 for the year 2020 – 21. Its investment in business was shareholders' equity worth ₹ 4,00,000 and 8% debentures of ₹ 2,00,000.

By calculating 'ROI' identify the subsidiary that is doing better. *3*

**9.** 'Growth is always essential for the existence of a business concern.' In the light of the given statement, explain any three indicators of internal expansion for an organisation. *3*

**10.** (a) Why is the operating cycle for a trading concern shorter than that of a manufacturing concern ? State. Also state how the length of operating cycle impacts the working capital requirement of any business.

(b) Calculate the net working capital for XYZ Ltd. from the given information : *3*

| | ₹ |
|---|---|
| Stock | 1,00,000 |
| Debtors | 1,50,000 |
| Short-term Investments | 60,000 |
| Trade Creditors | 50,000 |
| Outstanding expenses | 10,000 |



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

**11.** 'ए केबल्स लिमिटेड' सभी प्रकार के तारों (केबल्स) में व्यवसाय करती है । हाल ही में इसने बाज़ार में एक नया उत्पाद उतारा है जिससे इसका आगम बढ़ जाएगा तथा यह कम्पनी को नई ऊँचाइयों पर ले जायेगा । कम्पनी ने एक नए मिश्रधातु उत्पाद के अनुसंधान तथा विकास पर ₹ 50 करोड़ व्यय किए । यह मिश्रधातु उत्पाद बाज़ार में अपनी तरह का प्रथम प्रकार का उत्पाद है । यह बेहतर सुरक्षा प्रदान करता है तथा लघु-पथन एवं ओवरलोडिंग के प्रति संरक्षण देता है । नए उत्पाद का मूल्य ₹ 2,000 प्रति बंडल निर्धारित किया गया, इसकी तुलना में नियमित तार ₹ 800 प्रति बंडल पर उपलब्ध थे ।

उपर्युक्त जानकारी के संदर्भ में निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'ए केबल्स लिमिटेड' मिश्रधातु के अपने नए आविष्कार का संरक्षण कैसे कर सकती है, उल्लेख कीजिए ।

(ख) कम्पनी द्वारा मूल्य-निर्धारण की कौन-सी विधि का उपयोग किया गया है ?

(ग) इस मूल्य-निर्धारण रणनीति द्वारा कम्पनी कौन-सा लाभ प्राप्त करेगी ? *3*

**खण्ड ग**

*इस खण्ड में **4** प्रश्नों में से किन्हीं **3** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।*

**12.** 'उद्यम पूँजी' का क्या अर्थ है ? कम्पनी के विकास की उन चार अवस्थाओं की सूची दीजिए जब एक उद्यमी, उद्यम पूँजी को माँग सकता है । ऐसी दो स्थितियों का उल्लेख कीजिए जब एक उद्यम पूँजीपति उद्यमी के उद्यम में सहायता के लिए मना कर सकता है । *5*

**13.** वितरण माध्यम में तीन प्रकार के प्रवाहों का उल्लेख कीजिए । उत्पादक द्वारा उपयोग किए जाने वाले वितरण माध्यम का निर्णय करने में उत्पाद की प्रकृति कैसे सहायता करती है ? समझाइए । *5*

**14.** स्टार्ट-अप इंडिया योजना के अन्तर्गत 'लाइफ केयर लिमिटेड' का निगमन वर्ष 2019 में जीवन रक्षक उपकरण के उत्पादन के लिए एक मध्यम उद्यम के रूप में किया गया । चूँकि कम्पनी ने गति तथा विकास पकड़ना आरंभ कर दिया है, कम्पनी के संस्थापक, मुख्य वित्त अधिकारी रंजन ने कोष एकत्रित करने के लिए रास्ते खोजना शुरू कर दिए । वित्त विभाग के साथ एक बैठक में यह निर्णय लिया गया कि

(i) आवश्यक कोष के 70% का प्रबंध प्रतिभूतियों को सीमित संख्या में कृतक (विवेकी) निवेशकों को बेच कर किया जाएगा ।



collegedunia India's largest Student Review Platform

**11.** 'A Cables Ltd.' deals in cables of all varieties. Recently it has launched a new product that will increase its revenue and take the company to new heights. The company spent ₹ 50 crore on research and development of a new alloy. The alloy product is first of its kind in the market. It provides better security and protection against short circuits and overloading. The price of the new product was kept at ₹ 2000 per bundle as compared to the regular cables that were available at ₹ 800 per bundle.

On the basis of the above information, answer the following questions.

(a) State how 'A Cables Ltd.' can protect its invention of the new alloy used in their cables.

(b) Which pricing method is being used by the company ?

(c) What benefit will the company derive using this pricing strategy ? *3*

## SECTION C

*Attempt any **3** questions out of **4** questions from this section.*

**12.** What is meant by 'Venture Capital' ? Enlist the four stages in the company's development when an entrepreneur can seek venture capital. State any two situations when a venture capitalist can deny to assist an entrepreneur's venture. *5*

**13.** State the three types of flows in a channel of distribution. How does the nature of product help in determining the channel of distribution to be used by a manufacturer ? Explain. *5*

**14.** 'Life Care Ltd.' was incorporated in 2019 as a medium enterprise manufacturing life saving equipments under the Start-up India scheme. Since the company has started to gain momentum and growth, the founder, the Chief Finance Officer of the company, Ranjan, is exploring avenues to raise funds. In a meeting with the finance department it was decided that

(i) 70% of the required funds would be arranged by direct sale of its securities to a limited number of sophisticated investors.



collegedunia.com India's largest Student Review Platform

(ii) 20% कोष का प्रबंध पेशेवर निवेशकों से निजी समता के बदले किया जाएगा ।

(iii) 10% कोष का प्रबंध वर्तमान कर्मचारियों को अंश प्रस्तावित करके किया जाएगा ताकि उन्हें भी कम्पनी का स्वामी बनने का अवसर मिल जाए ।

(iv) अंतर्निहित लागत के कारण कम्पनी सूची-पत्र के माध्यम से निर्गमन नहीं करेगी ।

उपर्युक्त सूचना के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) उन विधियों की पहचान कीजिए तथा समझाइए जिनके द्वारा कोष एकत्रित किए जाएँगे ।

(ख) कम्पनी ने सूची-पत्र के माध्यम से निर्गमन क्यों नहीं किया ? समझाइए ।

(ग) कर्मचारियों को कम्पनी का स्वामी बनने के लिए अंश प्रस्तावित करने का क्या लाभ होगा ? 5

**15.** 'के.के. लिमिटेड' पिछले 15 वर्षों से सौंदर्य उत्पादों के उत्पादन क्षेत्र में लगी हुई है । कम्पनी अपने सभी उत्पादों के उत्पादन में हर्बल अवयवों का उपयोग करती है । हाल के समय में कम्पनी को 'इको ग्रोसरी लिमिटेड' नामक एक प्रमुख ब्राण्ड से कठिन प्रतियोगिता का सामना करना पड़ रहा है । 'इको ग्रोसरी लिमिटेड' एक छोटे आकार की कम्पनी है तथा अपने जैविक आधारित उत्पादों का उत्पादन करने के लिए बेहतर गुणवत्ता वाले अवयवों का उपयोग करती है । 'के.के. लिमिटेड' के प्रबंध निदेशक नरेश ने 'इको ग्रोसरी लिमिटेड' को 'के.के. लिमिटेड' का एक भाग बनाने के लिए बातचीत की शर्तें रखीं परन्तु असफल रहा । इसके पश्चात उसने 'इको ग्रोसरी लिमिटेड' के शेयर खरीदने शुरू किए तथा अंततोगत्वा कम्पनी के प्रबंध पर नियंत्रण प्राप्त करने में सफल हुआ तथा इसे 'के.के. लिमिटेड' का एक भाग बनाया ।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'के.के. लिमिटेड' द्वारा अपनाई गई विकास रणनीति की पहचान कीजिए ।

(ख) उपर्युक्त (क) में पहचानी गई विकास रणनीति के प्रकार को समझाइए जिसका उपयोग नरेश द्वारा किया गया ।

(ग) नरेश द्वारा 'इको ग्रोसरी लिमिटेड' को 'के.के. लिमिटेड' का एक भाग बनाने के किन्हीं तीन कारणों का वर्णन कीजिए । 5



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform

(ii) 20% of the funds would be arranged from professional investors in return of private equity.

(iii) 10% of the funds would be arranged by offering shares to the existing employees as an opportunity to become owners of the company.

(iv) The company will not go for issue through prospectus because of the cost involved.

On the basis of the above information, answer the following questions :

(a) Identify and explain the ways through which the funds would be raised.

(b) Why did the company not go for issue through prospectus ? Explain.

(c) What will be the benefit of offering shares to the employees to become owners of the company ? *5*

**15.** 'K.K. Ltd.' has been in the field of manufacturing beauty products for the past 15 years. The company is using herbal ingredients to manufacture all its products. In recent times the company is facing a tough competition from another predominant brand named 'Eco Grocery Ltd.' 'Eco Grocery Ltd.' is a small scale company and uses superior quality ingredients for producing its organic based products. The Managing Director of 'K.K. Ltd.' Naresh, tried to negotiate terms with 'Eco Grocery Ltd.' to make it a part of 'K.K. Ltd.' but failed. He then started to buy the shares of 'Eco Grocery Ltd.' and eventually, gained control over the management of the company and made it a part of 'K.K. Ltd.'

On the basis of the above information answer the following questions :

(a) Identify the growth strategy adopted by 'K.K. Ltd.'

(b) Explain the type of growth strategy used by Naresh identified in (a) above.

(c) Describe any three reasons of making 'Eco Grocery Ltd.' a part of 'K.K. Ltd.' by Naresh. *5*



collegedunia.com
India's largest Student Review Platform